15. Any other relevant information:-----------------------------------------------------------

16. Detail of the Bank Draft : (write name and address on the back side of the draft)

| Amount of Bank Draft (Rs. 750/=) | Bank Draft Number and date of issue | Name of the issuing bank and branch address |
|---|---|---|
| | | |

17. DECLARATION:

I solemnly declare that all the statements made in this application are true, complete and correct to the best of my knowledge and belief. I understand and agree that in the event of any information being found false OR incorrect/incomplete OR ineligibility being detected at any time before OR after selection/interview, my candidature is liable to be rejected and I shall be bound by the decision of the Director, Indian Agricultural Research Institute, New Delhi.

Place-------------------

Date:-------------------

Signature of the Candidate

# भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान
# नई दिल्ली–110012

## विज्ञापन सं. भा.कृ.अ.स./कार्मिक–5/1/2011

**भा.कृ.अ.प., नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कृषि विज्ञान केन्द्र, शिकोहपुर (गुड़गांव) सहित भा.कृ.अ.सं. मुख्यालय और इसके क्षेत्रीय केन्द्रों पर निम्नलिखित अस्थायी तकनीकी और प्रशासनिक पदों को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :**

| क्र. सं. | पद/ग्रेड/श्रेणी का नाम | पे बैंड/वेतनमान और ग्रेड पे | रिक्त पदों की संख्या/आरक्षण स्थिति और ड्यूटी का स्थान | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीकी अधिकारी/टी–6 ग्रेड/श्रेणी–III | पीबी–3/15600–39100 + ग्रेड पे 5400/–रु. | 6<br>1 (अनु.ज.जा.) वेलिंग्टन +<br>1 (अनारक्षित) नई दिल्ली<br>1 (ओ.बी.सी.) (केवीके)<br>2 [1 अ.ज.जा), 1 (अनारक्षित) (केवीके)<br>1 शारीरिक विकलांग (नई दिल्ली) | 1 कृषि विज्ञान केन्द्र : 1 (अनारक्षित)<br>एम.एससी.ी (गृह विज्ञान)<br>वांछनीय : कम्प्यूटर जानकारी सहित 2 वर्षीय खेत प्रसार अनुभव।<br>2. कृषि विज्ञान केन्द्र –1 (ओबीसी)<br>मृदा विज्ञान/मृदा एवं जल संरक्षण में एम.टैक/एम. एससी.<br>वांछनीय : बेहतर कम्प्यूटर जानकारी सहित 2 वर्षीय खेत प्रसार अनुभव।<br>3. कृषि विज्ञान केन्द्र – 1 (अनु.ज.जा.)<br>एम.एससी. (कृषि प्रसार)<br>वांछनीय : बेहतर कम्प्यूटर जानकारी सहित 2 वर्षीय खेत प्रसार अनुभव।<br>4. क्षेत्रीय केन्द्र, वेलिंग्टन – 1 (अन.ज.जा.)<br>पादप प्रजनन/पादप रोगविज्ञान/पादप जीवविज्ञान/ जैवप्रौद्योगिकी में मास्टर डिग्री<br>5. नई दिल्ली, मुख्यालय : 2 (1 विकलांग, 1 अनारक्षित)<br>इंस्ट्रूमेंटेशन में मास्टर डिग्री (विकलांग)<br>जैव रसायनविज्ञान में मास्टर डिग्री (अनारक्षित) |
| 2. | टी–6/श्रेणी–III/ सहायक प्रचार एवं जन संपर्क अधिकारी | पीबी–3 15600 रु. –39100/–रु.+ग्रेड पे 5400/–रु. | 1 (ओबीसी) – नई दिल्ली | i) कृषि में मास्टर डिग्री<br>ii) पत्रकारिता/जन–सम्पर्क में स्नातक डिग्री अथवा पत्रकारिता या जन–सम्पर्क में समकक्ष डिप्लोमा<br>iii) संबंधित क्षेत्र में 3 वर्षीय अनुभव। |
| 3. | टी–6/श्रेणी–III/ तकनीकी अधिकारी | पीबी–3 रु.15600–39100/– + ग्रेड पे रु.5400/– | 1 (अनारक्षित) – नई दिल्ली | एम.एससी. (जैवरसायनविज्ञान) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | टी–3 / कम्प्यूटर ऑपरेटर / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 3<br>1– केवीके (शा. विकलांग) एवं<br>2 – नई दिल्ली (शा.विकलांग) | कम्प्यूटर विज्ञान / कम्प्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री / बीसीए अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समकक्ष योग्यता। |
| 5. | टी–3 / प्रयोगशाला सहायक / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1– केवीके (ओबीसी) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से डेयरी प्रौद्योगिकी / कृषि में स्नातक |
| 6. | टी–3 / प्रयोशाला सहायक / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1– केवीके (अनारक्षित) | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से औद्यानिकी में स्नातक डिग्री |
| 7. | टी–3 / तकनीकी सहायक / श्रेणी–II | पीबी–1 / रु.5200–20200 + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 23<br>1–अनारक्षित – इंदौर<br>2–1(अनारक्षित) 1(अ.ज.जा.) – शिमला<br>2–1(अनारक्षित) 1(अ.ज.जा.) – वेलिंग्टन<br>2–1(अनारक्षित) 1(अ.ज.जा.) – पुणे<br>2–1(अनारक्षित) 1(अ.ज.जा.) – कलिम्पोंग<br>3–1(अनारक्षित) 2(ओबीसी) –पूसा, बिहार<br>2–1(अनारक्षित) 1(अ.ज.जा.) – कटराई<br>4–2(अनारक्षित) 2(ओबीसी) – करनाल<br>5–2 (अनारक्षित ) 2 (ओबीसी) 1 (अ.ज. जा.) – नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि में बी.एससी. अथवा समकक्ष। |
| 8. | कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) / टी–3 ग्रेड / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200 / –रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1 – (ओबीसी) – पूसा (बिहार) | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री / 3 वर्षीय डिप्लोमा |
| 9. | कनिष्ठ अभियंता (सिविल) / टी–3 ग्रेड / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 2– 1 (अनारक्षित) 1 (ओबीसी) – भा.कृ. अ.सं.मुख्यालय | सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री / 3 वर्षीय डिप्लोमा |
| 10. | कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रीकल) / टी–3 ग्रेड / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1– (ओबीसी) – भा.कृ.अ.सं., मुख्यालय, नई दिल्ली | इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री / 3 वर्षीय डिप्लोमा |
| 11. | हिन्दी अनुवादक / टी–3 ग्रेड / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200 / –रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1 – (ओबीसी) – भा.कृ.अ.सं., नई दिल्ली | हिन्दी भाषा में विज्ञान लेखन और विज्ञान पत्रकारिता में 3 वर्षीय अनुभव के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी में बी.ए. (ऑनर्स) अथवा समकक्ष योग्यता।<br>वांछनीय : पत्रकारिता में डिप्लोमा |
| 12. | कनिष्ठ अभियंता (मैकेनिकल) / टी–3 ग्रेड / श्रेणी–II | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2800 / –रु. | 1– (अनारक्षित) – नई दिल्ली | ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग / मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री / 3 वर्षीय डिप्लोमा |
| 13. | इलेक्ट्रीशियन / टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 6<br>[3 (अना.), 2 (ओबीसी), 1 (अ.ज.जा.), – भा.कृ.अ.सं., मुख्यालय, नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रीशियन में न्यूनतम एक वर्षीय ट्रेड प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष के साथ मैट्रिकुलेट |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | पुस्तकालय सहायक / टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 6<br>[2 (शा.वि.), 1 (अना.), 1 (ओबीसी), 1 (अ.ज.जा.), 1(अ.जा.) – भा.कृ.अ.सं., नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान /पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान अथवा समकक्ष में न्यूनतम एक वर्षीय प्रमाण पत्र के साथ मैट्रिकुलेट |
| 15. | फील्डमैन / टी–1 ग्रेड / श्रेणी I | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 26<br>5 – 2(ओबीसी) 3 (अना.) – पूसा (बिहार)<br>2– 1 (अ.ज.जा.) 1(अना.) – वेलिंग्टन<br>2 – 1 (ओबीसी) 1 (अना.) – अदुथुरई<br>2 – अनारक्षित – पुणे<br>2– [ 1(अना.), 1 (ओबीसी) – कटराईं<br>2–1 (ओबीसी) 1 (अनारक्षित) – शिमला<br>1 – अनारक्षित – धारवाड़<br>5–3 (अनारक्षित) 2 (ओबीसी) – करनाल<br>6–2 (शा.विकलांग) 2 (ओबीसी) एवं 2 (अनारक्षित) – नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त संस्थान से कृषि में न्यूनतम एक वर्षीय प्रमाण पत्र के साथ मैट्रिकुलेट |
| 16. | फिटर /टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–1 / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 4<br>2(अनारक्षित) 2 (ओबीसी) – नई दिल्ली | फिटर ट्रेड में ट्रेड प्रमाण पत्र/ आई.टी.आई. के साथ मैट्रिकुलेट |
| 17. | मशीनिस्ट / टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–I / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 4<br>2(अनारक्षित) 2 (ओबीसी) – नई दिल्ली | मैकेनिस्ट ट्रेड में ट्रेड प्रमाण पत्र/ आई.टी.आई के साथ मैट्रिकुलेट |
| 18. | ट्यूबवैल ऑपरेटर / टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–I / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 3<br>2(अनारक्षित) 1 (ओबीसी) – नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त संस्थान से इलेक्ट्रिशियन में न्यूनतम एक वर्षीय ट्रेड प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष के साथ मैट्रिकुलेट |
| 19. | कनिष्ठ मैकेनिक / टी–1 ग्रेड / श्रेणी–I | पीबी–I / 5200–20200 / रु. + ग्रेड पे 2000 / –रु. | 3<br>2(अनारक्षित) 1 (ओबीसी) – नई दिल्ली | मान्यता प्राप्त संस्थान से ट्रैक्टर मैकेनिक में न्यूनतम एक वर्षीय ट्रेड प्रमाण पत्र अथवा समकक्ष के साथ मैट्रिकुलेट |
| 20. | आशुलिपिक ग्रेड–III (प्रशासनिक पद) | पीबी–I / 5200–20200 / –रु. + ग्रेड पे 2400 / –रु. | 8 [7–नई दिल्ली + 1 – केवीके<br>1 (अ.जा.) 2 (ओबीसी) 5 (अना.) | अनिवार्य योग्यता<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड / विश्वविद्यालय से मैट्रिकुलेट अथवा समकक्ष एवं कम्प्यूटर जानकारी<br>प्रोफेशनल कुशलता :<br>अभ्यर्थी की अंग्रेजी अथवा हिन्दी में 80 श.प्र.मि. की गति से 10 मिनट की डिक्टेशन परीक्षा ली जाएगी। अंग्रेजी व हिन्दी का विकल्प देने वाले अभ्यर्थियों को डिक्टेशन सामग्री को टंकित करने के लिए क्रमशः 65 और 75 मिनट का समय दिया जाएगा। |

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. ये पद गैर–सरकारी लेकिन भारत सरकार द्वारा 1.1.2004 से लागू नई पेंशन स्कीम के तहत पेंशन योग्य हैं और इनकी सेवा शर्तें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कर्मचारियों पर समय–समय पर जैसा कि संशोधित होता है, आवश्यक परिवर्तन के साथ लागू हैं।

2. सभी पद अस्थायी हैं लेकिन नियमित रहने की संभावना है तथा इन्हें भारत में कहीं भी भा.कृ.अ.सं. के क्षेत्रीय केन्द्रों / भा.कृ.अ.प. के अनुसंधान संस्थानों / राष्ट्रीय अनुसंधान केन्द्रों / निदेशालय आदि में स्थानांतरित किया जा सकता है।

3. दर्शायी गई पदों की संख्या प्रोविजनल है जिसमें वृद्धि अथवा कमी हो सकती है।

4. टी–6 ग्रेड / श्रेणी–3 के पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 18 से 35 वर्ष, टी–3 ग्रेड / श्रेणी 2 एवं टी–1 ग्रेड / श्रेणी–1 के लिए 18 से 30 वर्ष और आशुलिपिक ग्रेड–3 के लिए 18–27 वर्ष है। अनुसूचित जनजाति / अति पिछड़ा श्रेणी तथा शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों के लिए उनके लिए आरक्षित पदों हेतु अधिकतम आयु सीमा छूट क्रमशः 5 वर्ष, 3 वर्ष और 10 वर्ष है। तकनीकी श्रेणी में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद कर्मचारियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और भा.कृ.अ.प. कर्मचारियों (प्रशासनिक श्रेणी) के लिए अधिकतम आयु सीमा भा.कृ.अ.प. मानकों के अनुसार यथा 45 वर्ष होगी, जोकि आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख को आवश्यक योग्यताओं के साथ मान्य होगी।

5. प्रत्येक पद के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा के निर्धारण की निर्णायक तारीख **01.01.2011** होगी।

6. पहले से रोजगाररत अभ्यर्थी अपना आवेदन केवल उचित माध्यम से भेजें। यदि अभ्यर्थी को लगता है कि उचित माध्यम से भेजे जाने में उसके आवेदन में विलंब हो सकता है तब अभ्यर्थी द्वारा आवश्यक शुल्क के साथ अपने आवेदन की अग्रिम प्रति इस कार्यालय को अंतिम तारीख से पूर्व भेजी जानी चाहिए।

7. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है और बढ़ी हुई शैक्षणिक योग्यता से कोई भी अभ्यर्थी लिखित परीक्षा / ट्रेड टेस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु हकदार नहीं हो जाता। विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की बड़ी संख्या होने पर संस्थान के लिए यह सुविधाजनक / संभव नहीं हो सकेगा कि सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा / साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सके। ऐसे में निदेशक, भा. कृ.अ.सं., नई दिल्ली को अभ्यर्थियों को बुलाने हेतु मानदंड निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है। आवेदनों की जांच के उपरांत अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा / ट्रेड टैस्ट / साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

8. आवेदनों को केवल निर्धारित प्रपत्र में टंकित कर अथवा हाथ से लिखकर भेजा जाए। पद के लिए आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी कृपया यह सुनिश्चित कर लें कि वे आवेदित पद के लिए योग्य है और उनके द्वारा पद के लिए निर्धारित मानदंड /अनिवार्य योग्यता/ आयु सीमा आदि का अनुपालन किया जा रहा है। शैक्षणिक योग्यता / आयु / जाति प्रमाण पत्र आदि के संदर्भ में संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों को आवेदन के साथ संलग्न किया जाए। यदि किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी द्वारा सूचना गलत पाई जाती है तब अभ्यर्थी की नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

9. आवेदन के साथ 750 / –रु. का बैंक ड्राफ़्ट (अनु.जाति / अनु.ज.जा / महिला एवं शारीरिक रूप से विकलांग अभ्यर्थियों को छूट प्राप्त है) जो कि निदेशक, भा.कृ.अ.सं. के पक्ष में नई दिल्ली में देय हो, संलग्न किया जाए। किसी अन्य प्रकार से किया गया भुगतान जैसे कि आई.पी.ओ. / मनीऑर्डर स्वीकार्य नहीं होगा और ऐसे आवेदनों को निरस्त कर दिया जाएगा। बैंक ड्राफ़्ट जारी किए जाने की तारीख रोज़गार समाचार में जारी विज्ञापन की तारीख से पूर्व की नहीं होनी चाहिए और उसकी वैधता 6 माह की अवधि के लिए होनी चाहिए। 3 माह के लिए वैध बैंक ड्राफ़्ट स्वीकार्य नहीं होंगे। अभ्यर्थी द्वारा बैंक ड्राफ़्ट के पीछे अपना नाम लिखा जाए।

10. लिखित परीक्षा/ट्रेड टैस्ट/साक्षात्कार में प्रस्तुत होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। हालांकि, साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले बेरोजगार अनु.जाति/अनु.ज.जा. अभ्यर्थियों को छोटे मार्ग का द्वितीय श्रेणी रेल/बस किराया दिया जाएगा।

11. अभ्यर्थियों द्वारा चयन /परीक्षा /साक्षात्कार/नियुक्ति के संबंध में किए गए पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थी द्वारा किसी भी स्तर से की गई सिफारिश से अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जा सकेगा।

12. सरकार कार्य स्थल पर लिंग संतुलन बनाने के लिए प्रयासरत है और इसके लिए महिला अभ्यर्थियों को आवेदन किए जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। महिला कर्मचारियों को मिलने वाले लाभ 'persmin.nic.in' वैबसाइट पर देखे जाएं।

13. प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन जमा किया जाए। आवेदन करते समय लिफाफे पर स्पष्ट रूप से पद का नाम, भेजने वाले का नाम व पता दर्शाया जाए। आवेदन को वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी (कार्मिक–2 एवं कार्मिक–5), निदेशक कार्यालय, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली–110012 को भेजा जाए।

14. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख (रोजगार समाचार पत्र में) विज्ञापन प्रकाि ात होने के 30 दिन बाद की होगी (अंडमान एवं निकोबार प्रायद्वीप, लक्षद्वीप, मिसीसॉय एवं अमीनदीवी प्रायद्वीप, उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के राज्य/संघ शासित प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर राज्य का लद्दाख प्रभाग, सिक्किम, पैंगी, हिमाचल प्रदेश के चंबा, लाहुल और स्पीति जिलों के उप प्रभाग में कार्यरत आवेदकों के लिए अंतिम तारीख विज्ञापन प्रकाि ात होने के 45 दिन बाद की होगी)।

15. अभ्यर्थियों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन डाक में होने वाले संभावित विलम्ब से बचने के लिए अंतिम तिथि से पूर्व भेज दें। डाक में होने वाले विलम्ब के लिए संस्थान उत्तरदायी नहीं होगा। अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जाएगा।

16. चयन प्रक्रिया का मामला दिल्ली उच्च न्यायालय, दिल्ली के न्यायाधिकार क्षेत्र में होगा।

17. निदेशक, भा.कृ.अ.सं., नई दिल्ली को बिना कोई कारण बताए किसी भी पद की नियुक्ति को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

18. आवेदन प्रारूप और पदवार सूचना भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान वेबसाइट www.iari.res.in से भी प्राप्त की जा सकती है।

**बी.एन.राव**
**संयुक्त निदेशक(प्रशासन)**

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी का नवीनतम सत्यापित फौटो

**भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान**
**नई दिल्ली–110012**

आवेदन प्रारूप
(टंकित अथवा साफ–साफ हस्तलिखित भेजा जाए)

विज्ञापन सं. IARI/P-V/1/2011

1. क) आवेदित पद का नाम ..................................................................

   ख) पद की क्र.सं. ..................................................................

   ग) क्षेत्रीय केन्द्र / कृषि विज्ञान केन्द्र / मुख्यालय आदि का नाम जिसके लिए आवेदन किया है ..................................................................

2. पूरा नाम ..................................................................

3. पिता / पति का नाम ..................................................................

4. 1) जन्म तिथि ..................................................................

   2) 1.1.2011 को आयु ...............वर्ष .............माह...............दिन

5. राष्ट्रीयता ..................................................................

6. लिंग (पुरुष / महिला) ..................................................................

7. वर्तमान पता ......................................................................................................................
......................................................................................................................
......................................................................................................................
............................................

8. स्थायी पता ......................................................................................................................
......................................................................................................................
......................................................................................................................
............................................

9. क) क्या अ.जा. / अ.ज.जा. / अ.पि.व. से संबंधित हैं? ..................................................................
   ख) यदि हां, जाति का नाम लिखें व
   जाति प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें। ..................................................................
   ग) क्या आप शारीरिक विकलांग हैं? ..................................................................
   (यदि हॉ तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण–पत्र जो कि 40 % या इससे अधिक की संबंधित विकलांगता का हो, की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

10. क)रोजगार कार्यालय पंजीकरण सं., तिथि सहित ..............................................................................

ख) रोजगार कार्यालय का नाम, ...........................................................................
यदि पंजीकरण है तो

11. क) शैक्षणिक / तकनीकी योग्यताएं :

| क.सं. | परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय / बोर्ड | उत्तीर्ण करने का वर्ष | ग्रेड / डिवीजन एवं कुल अंकों का % | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

ख) एम.एससी. एवं पीएच.डी. शोध पत्र का विषय :
ग) प्रकाशित अनुसंधान पत्र :

12. सभी पिछले तथा वर्तमान रोजगार के अनुभव का विवरण :

| नियोक्ता का नाम (प्राइवेट / स्वायत्तशासी / सरकारी) | पदनाम | वेतनमान / वेतन | अवधि से तक | कार्य निष्पादन |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. अन्य कोई संबंधित सूचना : ...........................................................................................

14. बैंक ड्राफ्ट का विवरण : (ड्राफ्ट के पीछे नाम तथा पता लिखें)

| बैंक ड्राफ्ट की राशि (रु. 750 / –) | बैंक ड्राफ्ट संख्या तथा जारी करने की तिथि | जारी करने वाले बैंक का नाम व पता |
|---|---|---|
| | | |

15. घोषणा :

मैं एतदद्वारा घोषणा करता हूं कि इस आवेदन में दर्शाया गया सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य पूर्ण एवं सटीक हैं। यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई भी सूचना गलत, अपूर्ण अथवा अयोग्य पाई जाती है तब चयन / साक्षात्कार से पूर्व अथवा पश्चात मेरे आवेदन को निरस्त किया जा सकता है और मैं इस संबंध में निदेशक, भा.कृ.अ.सं., नई दिल्ली द्वारा लिए गए निर्णयों को मानने के लिए बाध्यकारी रहूंगा।

स्थान :.................................

दिनांकः ............................... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर